हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

04 शासन की सभी योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़ना...




07 मुस्लिम धर्म अपनाने के विरोध में पत्नी ने दर्ज ...





**खबर संक्षेप**

### पंचायत उप निर्वाचन के तहत मतदान 5 जनवरी निर्धारित

**सीहोर**। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। मतदान 5 जनवरी, 2024 को होगा। पंचायतों उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर, 2023 से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जाँच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान 5 जनवरी, 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिए मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी। सरपंच की ईव्हीएम में की जाने वाली मतगणना 9 जनवरी को संबंधित विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से की जायेगी। जिले में 02 सरपंच, और 64 पंच और के लिए उप निर्वाचन होगा।

### आदर्श आचरण संहिता 11 जनवरी 2024 तक प्रभावशील

**सीहोर**। जिले में पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2023 उत्तरार्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिये हैं। मतदान 5 जनवरी 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। जिले में पंच पदों के लिए 64 पदों के लिये उप निर्वाचन होगा। सरपंच के 02 पद के लिए उप निर्वाचन होगा। संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। पंच पद के लिये मतदान मत पत्र एवं मत पेटी के द्वारा तथा सरपंच, के लिये मतदान ईव्हीएम से होंगे। आदर्श आचरण संहिता पंचायतों में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। आदर्श आचरण संहिता 11 जनवरी, 2024 तक प्रभावशील रहेगी।

### एक्स-रे और क्लीनिक संचालकों के पास नहीं है पार्किंग स्थल

# एक्स-रे और क्लीनिक संचालकों की मनमानी से हाईवे पर हो रही पार्किंग

दुकानों के आसपास वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं होने के कारण सड़क पर ही लोग कर देते हैं वाहन पार्क। कई बार मरीजों को उतारे और बैठाते समय भी लगता है जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल के पीछे नेहरू पार्क से लेकर बसंत भंवर अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर चार व दो पहिया वाहनों को सड़क पर पार्क कर देते हैं। इस कारण हर दिन घंटों ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। पुराना हाइवे होने से यहां से बड़े वाहन व आमजन को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं वाहनों की आवाजाही से हादसे का भी डर बना रहा है। इसका प्रमुख कारण यहां चलने वाले क्लीनिक हैं। यहां आने वाले लोग पार्किंग की जगह नहीं होने से बे-तरतीब तरीके से वाहन खड़े करते हैं।

लोगों का कहना कि इस बारे में कई बार ट्रैफिक पुलिस व कंट्रोल रूम को भी अवगत कराया गया। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस ध्यान नहीं देती। सोमवार को भी भारी वाहनों, डंपरों व बसों का बंसत भंवर अस्पताल के बाहर फंसकर जाम लग गया था। जिसे बड़े ही मुश्किल से हटवाया गया। वहीं दोनों ओर दुकान, मकान , क्लीनिक, एक्सरे केंद्र, नर्सिंग होम, मेडिकलों पर आने वाले लोगों व उनके खुद के निजी वाहनों के सड़क पर खड़े होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों ने ट्रैफिक व पुलिस प्रशासन से जनहित में मांग करते हुए कहा है कि नेहरू पार्क से बंसत भंवर अस्पताल के आगे तक आए दिन सड़क पर खड़े वाहनों की बजह से जाम से आमजन को हो रही परेशानी से मुक्ति दिलाई जाए। नहीं तो किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।




**मेडिकल, एक्सरे और पैथालॉजी लैब संचालकों पर होना चाहिए कार्रवाई**

गंगा आश्रम में ही क्लीनिक, एक्स-रे और मेडिकल बड़ी संख्या में संचालित होते हैं। इस लिए यहां सबसे अधिक भीड़ होती है। वाहन चालक मरीजों को वाहनों को उतारे और बैठाते समय सड़क के बीच में ही अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिससे हर कभी लंबा जाम लग जाता है। यहां एक्सरे, मेडिकल और पैथालॉजी लैब संचालकों पर पुलिस को कार्रवाई करना चाहिए।

#### हो चुके हैं कई बार बड़े हादसे

गंगा आश्रम क्षेत्र में सड़क पर वाहन खड़े होने से कई बार हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं कई लोग घायल हो चुके हैं। इसके बाद भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

#### सड़क पर वाहन खड़े होने से सिकुड़ जाता है हाईवे

आवागन में कोई दुविधा न हो इसके लिए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से चौपाल सागर तिराहे तक आठ किमी लंबा सीसी रोड बना दिया है। लेकिन गंगा आश्रम क्षेत्र में यह हाईवे पार्किंग स्थल बना हुआ है। सड़क पर खड़े वाहनों के कारण फोर लेन सिकुड़ कर सिंगल लेन ही बचती है।




### जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए : प्रवीण सिंह

**सीहोर**। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निचले अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जो निर्माण कार्य पूर्ण होने वाले है, उनके लोकार्पण की तैयारियां की जाएं।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली। बैठक में जानकारी दी गई कि छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का अब तक 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य भी समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने कहा कि परियोजना स्थल पर विद्युत से संबंधित कार्यों के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर विद्युत संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने डोबी सिंचाई योजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्य कर रही एजेंसियों का भुगतान भी समय पर किया जाए, ताकि निर्माण में बिलम्ब न हो। उन्होंने लोक निर्माण विभाग बुधनी के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए वन विभाग से समन्वय कर सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराए। इसके साथ ही निर्माण स्थल का निरीक्षण कर निर्माण एजेंसियों से कार्य शीघ्र पूर्ण कराए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों के निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अतिक्रमण के कारण यदि कही सड़क निर्माण कार्य में दिक्कत आती है, तो वहां त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। निर्माण एजेंसियों द्वारा सड़क निर्माण कार्य में उदासीनता बरतने पर भुगतान रोककर टर्मिनेट करने की कार्यवाही की जाए। नवीन कार्यों का भी भूमि पूजन कराकर उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की तिथि 15 जनवरी तक बढ़ाई गई

**सीहोर**। केन्द्रीय मोटर यान नियम के तहत परिवहन विभाग द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए 15 दिसम्बर 2023 तक समय सीमा निर्धारित की थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एवं प्रदेश के विभिन्न शहरों में वाहन विनिर्माताओं के अधिकृत डीलरों द्वारा जानकारी दी गई है कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (**HSRP**) लगाये जाने की मांग अत्यधिक बढ़ जाने के कारण एचएसआरपी लगाये जाने की प्रक्रिया में 8-10 दिन या इससे भी ज्यादा समय लग रहा है। जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाने की समय सीमा को बढ़ाते हुए एक अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों के लिए एचएसआरपी लगवाने की अंतिम तिथि को 15 जनवरी 2024 तक किया गया है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को एचएसआरपी लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान को लगातार जारी रखकर सभी वाहनों में एचएसआरपी लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## महिला ने की आत्महत्या, लंबे समय से चल रहा था पति से विवाद, पुलिस ने शुरू की जांच

**सीहोर**। जिले के इछावर क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में इच्छावर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अज्ञात कारणों के चलते नवविवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दी है।

मृतिका के दो छोटे बच्चे हैं, मामला इछावर थाना क्षेत्र के मूंडला गांव का है। बताया गया है कि मृतिका आरती पति रामेश्वर उम्र 34 वर्ष ने अपने ससुराल मूंडला गांव में अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका और उसके पति में कुछ समय से विवाद चल रहा था।



### पीजी की अंक सूची में नंबर की जगह ग्रेड पॉइंट मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कॉलेज में पढ़ने वाले स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को परीक्षा के बाद आने वाले परिणाम में अंक सूची में नंबर नहीं मिलेंगे। उनकी जगह ग्रेड दी जाएगी। अंक सूची के पीछे ग्रेड के साथ उनका क्लियरफिकेशन होगा कि उन्हें किस ग्रेड में कितने अंक मिले हैं।

स्नातक में पिछले वर्ष से यह व्यवस्था शुरू की थी। अब पीजी में भी यही व्यवस्था की जा रही है। पीजी के विद्यार्थियों को अब प्रत्येक सेमेस्टर के लिए ग्रेड दिए जाएंगे। इसके तहत सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट एवरेज के माध्यम से संबंधित विद्यार्थी का परफॉर्मेंस नजर आएगा। अगर विद्यार्थी को 10 ग्रेड प्वाइंट हासिल हुए हैं तो उसे लेटर ग्रेड (ओ) मिलेगा, इसका मतलब आउटस्टैंडिंग होगा। वहीं 4 नंबर मिले तो पास माना जायेगा। इस तरह जो ग्रेड प्वाइंट के आधार पर ग्रेडिंग तय होगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पीजी के लिए बड़े बदलाव किया जाना शुरू हो गए हैं। सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट एवरेज करंट टर्म के ग्रेड पर आधारित होगा। इसके बाद विद्यार्थी जिन कोर्स में पीजी कर रहे हैं उसके मिलाकर क्युमिलेटिव ग्रेड प्वाइंट एवरेज दिया जाएगा।

## सीताराम यादव ने सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया



**सीहोर**। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में सोमवार को सदस्य के रूप में सीहोर के सीताराम यादव ने कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया भी मौजूद थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद यादव ने आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने आयोग की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। आयोग मुख्य रूप से सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग जातियों की सूची में जातियों को जोड़ने और विलोपित करने की अनुशंसा राज्य शासन को प्रेषित करता है।

## लापरवाही : नगर पालिका हर साल हटाती है जलकुंभी लेकिन अभी तक नहीं चलाया गया सफाई अभियान

**सीहोर**। एक बार फिर से सीवन नदी के पानी पर जलकुंभी दिखाई देने लगी है। चद्दर पुल और बकरी पुल के पास तो बड़ी मात्रा में जलकुंभी फैल चुकी है। यदि समय पर अभी भी सफाई का काम शुरू नहीं किया तो आने वाले दिनों के लिए काफी राहत मिल जाएगी। हर साल यह समस्या है जिसका कोई स्थायी समाधान आज तक नहीं मिल सका। सीवन नदी की जलकुंभी कई जगह से साफ कराई गई थी, वहीं पुरुष घाट के आगे, लक्कड़ पुल और बकरी पुल के पास भी जलकुंभी फैली हुई है। यहां पर नदी हरा- हरा-भरा मैदान को तरह दिखाई दे रही है। नदी की हालत काफी खराब है। इसके बाद भी इस जलकुंभी को नपा ने नहीं हटाया।

#### नदी के दोनों तरफ बनने हैं पाथ-वे

सीवन नदी के विकास के लिए कार्ययोजना भी तैयार की गई है। अब इसका काम शुरू होगा। इसमें नदी के दोनों तरफ पाथ-वे तैयार किया जाएगा। साथ ही नदी का गहरीकरण भी होना है। इससे नदी का कायाकल्प होगा। सीवन नदी में हर साल जलकुंभी छा जाती है। इस जलकुंभी के कारण नदी का पानी भी प्रदूषित हो जाता है। पिछले साल भी नगर पालिका ने यहां पर सफाई का काम शुरू कराया था। यहां से जलकुंभी को निकाला गया था। महिला घाट के अलावा पुरुष घाट और फिर चद्दर पुल से भी जलकुंभी निकाली गई। इस तरह से सीवन नदी में काफी जलकुंभी अभी भी छाई हुई है।



#### मंदिर परिसर की तरफ घाट भी हुए जर्जर

यहां पर दोनों तरफ के घाट खराब हो चुके हैं। मंदिर परिसर की तरफ से घाट टूट चुके हैं। कुछ समय पहले इन घाटों की मरम्मत कराई गई थी यदि तेज बहाव से नदी में उफान आता है तो यह घाट क्षतिग्रस्त हो सकता है। इस संबंध में एई रमेश वर्मा ने बताया कि जलकुंभी को साफ कराया जाएगा। हालांकि यह कई जगह फैल गई है।

### बारात का जगह-जगह पर पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

## आस्था और उत्साह के साथ किया गया श्रीराम-माता जानकी विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को शहर के कस्बा स्थित श्रीराम मंदिर राठौर समाज धर्मशाला में विवाह पंचमी के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और सीता का विवाह उत्सव मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और माता सीता का पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पूरे कस्बा क्षेत्र में श्रीराम भगवान की बारात निकाली गई और इस बारात में सैकड़ों की संख्या में भजन कीर्तन ढोलक की थाप पर नाचते गाते हुए पूरे क्षेत्र में बारात निकाली गई।

इस मौके पर रविवार को कस्बा क्षेत्र पूरी तरह उत्साहपूर्ण वातावरण था सुबह महिला मंडल के द्वारा हल्दी-मेहंदी सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके पश्चात मंदिर में मंडप में भगवान श्रीराम और माता जानकी का विवाह पूर्ण किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के आलेख राज राठौर ने बताया कि हंसदास मठ सिद्धपुर सीहोर के महंत हरिदाम दास महाराज की प्रेरणा से भव्य आयोजन किया गया था। जिसमें शनिवार को भगवान गणेश की पूजा अर्चना और अभिषेक आदि करने के पश्चात रविवार की शाम को धूमधाम से बारात निकाली गई और उसके पश्चात स्नेहभोज का आयोजन किया गया। बारात का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।





हिंदू धर्म में विवाह पंचमी का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इस दिन भगवान श्री राम और माता सीता की शादी हुई थी, वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रत्येक साल मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी का पर्व मनाया जाता है. इस साल विवाह पंचमी पर मनाया गया था। धार्मिक मान्यता है कि विवाह पंचमी पर भगवान श्रीराम और मां जानकी की पूजा-अर्चना करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, मिथिला के राजा जनक अपनी बेटी सीता के लिए स्वयंवर का आयोजन करते हैं। स्वयंवर की सूचना मिलने पर भगवान राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण के साथ भी शामिल हो जाते हैं। सभा में मौजूद एक-एक करके कई योद्धा शिव धनुष को तोडऩे की कोशिश करते हैं, लेकिन वह असफल रहते हैं। तब भगवान राम शिव धनुष को तोड़ते हैं और माता सीता उन्हें वरमाला पहनकर अपना वर चुनती हैं। इसके बाद यह शुभ समाचार मिथिला से अयोध्या जाता है, जिसके बाद राजा दशरथ, भरत और शत्रुघ्न के साथ बारात लेकर आते हैं। मार्ग शीर्ष शुक्ल पंचमी को भगवान राम और माता सीता का विवाह होता है।

### सरकारी अस्पताल में मरीज के परिजनों को मुफ्त भोजन परोस रहे सूरज

**सीहोर**। अस्पताल में आने वाला लगभग हर व्यक्ति चिंतित रहता है, ऐसे में अगर वह किसी दूसरे शहर या आसपास के गांव से है तो उसके लिए भोजन और पानी जैसी बुनियादी व्यवस्था करना किसी चुनौती से कम नहीं होता। मरीजों के परिवार के सदस्यों की यह परेशानी को थोड़ा काम करने के इरादे से धमेजा परिवार ने एक पहल शुरू की है। परिवार के बड़े सदस्य सूरज प्रकाश धमेजा अपने दो बेटों के साथ 'गुरु का लंगर' नाम से मरीजों के परिवार के सदस्यों के लिए गर्म और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था करते हैं। वह सप्ताह में एक दिन दो स्टील के कंटेनर में 100 से 150 लोगों के लिए खाना तैयार कर अस्पताल में आए लोगों को मुफ्त में बांटते हैं।



इस निःशुल्क भोजन व्यवस्था के बारे में सूरज धमेजा का कहना है कि वह काफी समय से इस लंगर को शुरू करना चाहते थे, आसपास के गांवों से कई लोग सीहोर अस्पताल आते हैं। अस्पताल के पास भोजन की व्यवस्था नहीं होने से आने वाले मरीजों के परिजन को काफी परेशान होना पड़ता है। इसी समस्या को कुछ हद तक कम करने की इच्छा से हमने गुरु के लंगर की व्यवस्था शुरू की। उन्होंने बताया कि इस काम में उनका पूरा परिवार उनका साथ देता है, उनकी पत्नी सुबह से खाना बनाने में उनकी मदद करती हैं और वहीं उनके दोनों बेटे खुशी-खुशी खाना बांटने में उनकी मदद करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह भविष्य में यह भोजन व्यवस्था प्रतिदिन करना चाहते हैं और इस नेक काम में उन्हें शहर के कई लोगों का सहयोग मिल रहा है।

**खबर संक्षेप**

## शीत लहर से बचाव को लेकर एडवॉयजरी जारी



**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की गई है। उन्होने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है! जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। प्रभावी शीत लहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपडों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जनजागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाईजर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जनजागरूकता के लिए निर्देशित करने सिविल सर्जन तथा समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव में पहुंचने से पहले आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें अधिकारी'

# शासन की सभी योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़ना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः प्रवीण सिंह

### सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का शीघ्र करें निराकरण, धान खरीदी का भुगतान सभी किसानों को शीघ्र सुनिश्चित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0, नल जल योजना, दिव्यांगों के पेंशन प्रकरणों तथा सीएम हेल्पलाइन के साथ ही समय सीमा वाले प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जा रहा है। इन प्रमुख योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। सभी विभाग यात्रा के दौरान कैम्प लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करें, ताकि कोई पात्र हितग्राही वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आने से पूर्व ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कैंप लगाकर हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए दलों का गठन किया जाए तथा युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए 10 जनवरी से पूर्व सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिले में क्षय रोग की रोकथाम के लिए टीबी के सैंपल लिए जाए और टीबी मरीजों के संपर्क में रहे। क्षय अधिकारी टीबी मरीजों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ प्रत्येक पात्र हितग्राही से फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें और सभी दस्तावेजों की जांच करें। इसके साथ ही निचले अमले को भी




फार्म भरवाने की प्रक्रिया के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान करें। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों से शीघ्र फॉर्म जमा कराने तथा सीएमओ को सभी पार्षदों से फार्म एकत्रित कर कराने और शनिवार तक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र और संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। ऐसे विभाग जिनकी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें 50 दिवस से अधिक लंबित है, वह शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के 50 दिन से अधिक के लम्बित प्रकरण होने पर सीहोर और श्यामपुर तहसीलदार को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सभी नागरिकों का सुरक्षा बीमा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में स्वरोजगार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत जिन हितग्राहियों के ऋण पूर्ण हो चुके हैं, उनके आवेदन पर कार्यवाही करते हुए उन्हें आगे ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के केसीसी कार्ड अब तक नहीं बने हैं, उन पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अधिक से अधिक नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करें। यात्रा के दौरान दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन आते हैं, तो जानकारी एकत्र करें और सामाजिक न्याय विभाग हेल्पलाइन नंबर भी जारी करें, जिससे दिव्यांगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही दिव्यांगों को ऑनलाइन आवेदन की जानकारी भी दे ताकि वह आसानी से आवेदन कर सके। कलेक्टर श्री सिंह ने दिव्यांगों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि दिव्यांगजनों को पेंशन प्राप्त करने में किसी तरह की कोई परेशानी न आए और उन्हें आसानी से पेंशन उपलब्ध हो। सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ दिव्यांगों की केवायसी पूर्ण कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में जिपं सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, वंदना राजपूत सहित एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### धान खरीदी का भुगतान सभी किसानों को शीघ्र सुनिश्चित किया जाए

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत किसानों के समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि धान खरीदी का भुगतान सभी किसानों के बैंक खातों में शीघ्र हस्तांतरित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में धान उपार्जन के लिए कुल 5605 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिले के 12 धान खरीदी केन्द्रों पर 348 किसानों द्वारा अब तक कुल 24253.2 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर के निर्देश पर बकरी पुल के पास चलाया सफाई अभियान

**सीहोर।** शहर सहित आस-पास की गंदगी की साफ-सफाई को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के निर्देश पर नगर पालिका अमला सक्रिय हो गया है। सोमवार को शहर के इंदौर नाके के समीपस्थ बकरी पुल पर नगर पालिका अमले के कर्मचारियों ने झाडियों की कटाई के अलावा नदी के आस-पास जमा पालीथिन आदि गंदगी को हटाया। नदी में अब पानी की जगह सिर्फ जलकुम्भी ही नजर आ रही है। सीवन नदी इस समय नदी होकर भी जल के स्थान पर जलकुंभी से भरपूर है जिससे नदी का अस्तित्व ही संकट में आ गया है। इसको ध्यान में रखते हुए सफाई अभियान शुरू किया जा रहा है।

सफाई अमले में शामिल नगर पालिका के वैभव लोवानिया ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के निर्देश पर करीब आधा दर्जन से अधिक ट्राली यहां पर जमा झाडि़यां और गदंगी को हटाया गया है इसके अलावा दो दिन तक चलाए जा रहे इस अभियान में नदी के आस-पास जमा गदंगी को हटाया जाएगा। नपाध्यक्ष ने कहा कि शहर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। नगर हम सबका है एवं नगर साफ, स्वच्छ रहें यह सब का दायित्व भी है।



स्वच्छता का अर्थ होता है हमारे शरीर, मन और हमारे चारों तरफ की गंदगी को दूर कर साफ रखना आवश्यक है। स्वच्छता मानव समुदाय का एक आवश्यक गुण होता है। स्वच्छता सर्वेक्षण के चलते नगर पालिका द्वारा क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाकर दुकानदारों द्वारा फेंका गया कचरा उठाकर सडक़ों को साफ किया जाता है। नगरपालिका की पूरी टीम शहर को स्वच्छ रखने और स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को अच्छी रैंकिंग दिलाने के हर संभव प्रयास कर रही है।

## जिलेभर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 18 दिसम्बर को जिले की अनेक ग्राम पंचायतों से निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए छूटे हुए हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा 18 दिसम्बर को प्रकार भैरून्दा जनपद की ग्राम पंचायत वासुदेव और सुकरवास तथा सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत बराड़ीकला और छापरीकलां में निकाली गई। बुधनी जनपद की ग्राम पंचायत खैरी एवं




बारधा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनपद उपाध्यक्ष हर्मेन्द्र नागर, प्रेमनारायण मीना, रामनारायण साहू शामिल हुए। इछावर की ग्राम पंचायत दुर्गपुर और नागली में आयोजित यात्रा में जनपद अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल शामिल हुई। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अनेक ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल व मध्य भारत प्रांत की एक दिवसीय बैठक संपन्न

**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल मध्य भारत प्रांत की एक दिवसीय बैठक रविवार को सीहोर जिला मुख्यालय के बस स्टेण्ड स्थित गीता मानस भवन में अयोजित की हुई। कार्यक्रम का शुभारमंभ श्रीराम दरबार के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में मध्य भारत प्रांत, हर जिले से जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर जी अन्तराष्ट्रीय हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, अतुल कुमार राठौर काका क्षेत्रीय अध्यक्ष, बेटू जी चंदेल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, मूलचंद साद् प्रांत महामंत्री, कमलेश राय चंदानी, प्रांताध्यक्ष मध्य भारत प्रांत प्रकाश परमार, प्रांत उपाध्यक्ष ज्ञानसिंह मेवाड़ा, प्रांत उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा, जिला अध्यक्ष मदन मेवाड़ा, महामंत्री मुकेश परमार, उपाध्यक्ष नवीन राठौर, पं. अजय शास्त्री, संगठन प्रमुख जयश राठौर उपस्थित रहे। मदनसिंह मेवाड़ा द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पहारों से किया गया। इस मौके पर श्री महावीर जी अन्तराष्ट्रीय हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व गुरु बनने की राह में अग्रसर भरत राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। काशी में सर्वे हो चुका है और मथुरा में सर्वे के आदेश अदालत से मिल गए हैं। यह हमारा गौरव पथ पर बंधाने की गाथा शुरू हो चुकी है। आये हुए अतिथियों का आभार मनीष मेवाड़ा द्वारा व्यक्त किया गया।



## गंदगी फेंकने से रोका तो गुस्साए लोगों ने की वृद्ध से मारपीट

**सीहोर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे एक बुजुर्ग और उसके परिजनों ने घर के सामने गंदगी करने वालों के खिलाफ आवेदन देकर शिकायत की है। श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम वनखेड़ा 80 वर्षीय भागीरथ का कहना है कि ग्राम में रहने वाले कमला बाई, महेश और जमना प्रसाद मेरे घर के सामने कचरा और गंदगी पटकते है और इनको मना करने पर यह विवाद करते है। गत दिनों इनको गंदगी फेंकने के लिए जब मना किया तो आरोपी ने गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। इस मामले की शिकायत थाने में भी दर्ज कराई गई है। बुजुर्ग का कहना है कि गंदगी फेंकने के लिए पंचायत ने स्थान निर्धारित किया है। इसके बाद भी यह लोग मेरे घर के सामने कचरा डालते है। सोमवार को अपने परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे 80 वर्षीय बुजुर्ग भागीरथ का कहना है कि जमना प्रसाद का घर है और आए दिन यह लोग मिलकर उनके घर के सामने गंदगी और कचरे का ढेर लगा देते है, गत दिनों इसकी शिकायत उन्होंने अहमदपुर पुलिस से की थी, लेकिन इसके बाद भी यह



लोग कचरा फेंकना बंद नहीं कर रहे है। गत दिनों इनको गंदगी फेंकने से रोका था तो इन्होंने मुझे डंडों से मारपीट कर दी। जिससे मेरे हाथ आदि में चोंटे आई है। बुजुर्ग का कहना है कि पंचायत ने कचरे फेंकने के लिए एक निर्धारित स्थान बना दिया है, इसके बाद भी यह लोग मेरे घर के सामने कचरा करते है। उन्होंने मारपीट करने ओर गंदगी फेकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मास्टर गेम्स में सीहोर ने जीते तीन गोल्ड




**सीहोर।** उज्जैन में आयोजित प्रदेश स्तरीय मास्टर गेम्स प्रतियोगिता में सीहोर के अजीत सिंह सिंदल को 100 और 200 मीटर दौड में प्रथम स्थान आने पर दो गोल्ड मेडल प्राप्त हुये एवं इसी क्रम में सीहोर मॉडल स्कूल के डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा को बेडमिन्टन सिंगल में विजयी होने पर गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ वहीं एक्सीलेन्स स्कूल के रामवृक्ष भारद्वाज को 400 मीटर में रजत पदक प्राप्त हुआ। इनकी इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई व शुभाकामनाऐं प्रेषित की है।

### म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति, श्रोताओं ने गीतों का लुत्फ उठाया

# सात वर्षीय बालिका ने दी गीत की प्रस्तुति यंग स्टार्स म्यूजिक ग्रुप का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के एक निजी कालोनी में यंग स्टार्स म्यूजिक ग्रुप के गायकों ने एक से बढक़र एक गीतों के नाम रहा नए पुराने हिंदी फिल्मों के गाए रफी, मुकेश, किशोर कुमार, उदित नारायण, कुमार शानू, जैसे गायकों की आवाज को हुबहू अंदाज में स्थानीय गायक कलाकारों ने अपनी मिलती जुलती आवाज से ऐसा शमां बांधा कि श्रोता और दर्शक टस से मस नहीं हुए और प्रत्येक गीत का भरपूर लुत्फ उठाया। इस मौके पर शहर की एक सात वर्षीय बालिका नहिदा खान ने अपने अंदाज में गीत की शानदार प्रस्तुति दी थी। जिसको अमिर हसन सिद्दकी सहित अन्य ने पुरस्कृत किया।



गुरप के गायकों में मानसी ने तुम्हीं मेरे मंदिर, तुम्ही मेरी पूजा, राजू भाई ने मैं निगाहें तेरे चेहरे से हटाऊं कैसे, जय श्री ने जहा सी आहट होती है तो दिल, अकील भाई ने बेकरार करके हमें यूं ना जाईये, नंदू भाई ने छू लेने दो नाजुक होठों को और योगेश ने सोचेंगे तुम्हें प्यार करें कि नहीं। इसके अलावा संयुक्त रूप से जय श्री और नंदू ने मेरा प्यार भी तू है ये बहार आदि गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर श्री सिद्दीकी ने कहा कि गीत और संगीत जीवन का हिस्सा है सात वर्षीय बालिका ने जो प्रस्तुति दी है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लेना भी जरूरी है। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन मनोज दीक्षित मामा ने किया।

## वैश्य समाज का नववर्ष के कैलेंडर का हुआ विमोचन



**इछावर।** पिछले दिनो वैश्य महा समाज द्वारा 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना, नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, पार्षद एवं वैश्य महासभा तहसील अध्यक्ष शिशिर राठी, विनोद राठी, दीपक मेहता, राजेश और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जायेगा।

दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं। सड़कों पर द्रुतगति वाहनों की चपेट में आकर न केवल ये घायल होते हैं बल्कि दुर्घटना में जन-धन और पशु सबकी हानि होती है।


### पति दिलीप अपने 3 बच्चों को रोजा रखने और नमाज पढ़ने बनाता है दबाव

# मुस्लिम धर्म अपनाने के विरोध में पत्नी ने दर्ज कराई पति पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जीरापुर में पत्नी ने जबरन मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने वाले पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हुए अपनी व अपने बच्चों की सुरक्षा की मांग की है। पत्नी ने पति पर मुस्लिम धर्म अपनाने को लेकर रोज मारपीट करने एवं जान से मारने की बात कहने के आरोप लगाए हैं। हिन्दू रीति रिवाज से शादी होने के बाद भी मुझे अपने धर्म को छोड़ने के लिए सरेआम परेशान करते हैं। पति के दोस्त भी घर आकर मुझ पर मुस्लिम होने का दबाव बना रहे हैं। मुझे मारते हैं, लेकिन मैं बच्चों के साथ रहना चाहती हूं। एक बार तो मुझ पर तेल डालकर आग भी लगाने की कोशिश की। पति रोजा रखते हैं। तीनों बच्चों को भी रखवाते हैं। बच्चे अगर नमाज नहीं पढ़ते, तो उन्हें जबरदस्ती पढ़वाते हैं। मैं रोकती हूं, तो कहते हैं कि तू बीच में नहीं बोलेगी। हमारा धर्म है। तुझे रहना है, तो रह, नहीं तो जा यहां से। एक बार तो मुझे इतना मारा कि दो महीने तक निशान नहीं गए।

## हेमराज टेलर ने मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए किया था दिलीप का ब्रेनवॉश



### क्या है मामला

जीरापुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की आशा खटीक ने पति दिलीप खटीक पिता शिवलाल खटीक की धर्म परिवर्तन मामले में शिकायत दर्ज की है। पुलिस को बताया की पति मुझे घर में बंद रखते हैं। शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान मायके वाले जीरापुर पहुंचे। उन्होंने मुझे मुक्त कराया। इसके बाद थाने पहुंची हूं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जीरापुर के आवास कॉलोनी गायत्री मंदिर के पास का है। दिलीप पेशे से ड्रायवर है। आशा खटीक ने जबरन धर्म परिवर्तन करवाने के लिए मुझे चारदीवारी में रखते हैं, कहते हैं नमाज पढ़। दिलीप खींची से 2004 में मेरी शादी हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। मैं तभी से ससुराल में रह रही हूं।

### हेमराज टेलर के कहने पर पति ने किया था धर्म परिवर्तन

घर में किसी को पता भी नहीं चला और दिलीप ने 2016 में हेमराज टेलर के कहने पर मुस्लिम धर्म अपना लिया। टेलर के कहने पर ही करीब डेढ़ साल से मुझे भी धर्म परिवर्तन का दबाव डाल रहा है। हेमराज टेलर अक्सर घर आता रहता है। एक बार हेमराज ने भी मुझसे मुस्लिम बनने के लिए कहा था।

### क्रोनोलॉजी को डीकोड करना जरूरी

यदि हेमराज टेलर ने दिलीप को मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए सहमत किया और फिर हेमराज और दिलीप ने मिलकर परिवार के अन्य लोगों को हिदु धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मजबूर करना शुरू किया, परंतु इससे फायदा किसको है और हेमराज को किसने मुस्लिम बनने के लिए सहमत किया। इस क्रोनोलॉली को डीकोड करना भी जरूरी है जिससे कुछ और चेहरे बेनकाब होंगे।

### हिंदू देवी-देवताओं की नहीं करने देता पूजा, नमाज व रोजा के लिए बनाता है दबाव

आशा बताती है कि पति मुझसे कहते हैं कि तू भी नमाज पढ़, रोजा रख। मैरे ऐसा नहीं करने पर वह अकसर मेरे साथ मारपीट करते हैं। मैं हिन्दू देवी-देवताओं की पूजा करती, तो उसने घर में से तस्वीर व मूर्ति हटा दी व मुझे घर से निकाल दिया। पति मुझे चारदीवारी में बंद रखते हैं। कहते हैं कि नमाज पढ़। मुझसे भी मुस्लिम धर्म से जुड़े काम करने के लिए कहते हैं, लेकिन मैं नहीं करती। कहती हूं कि मैं हिंदू हूं, तो उसी के अनुसार काम करूंगी।

### बच्चों को भी पढ़वाते हैं नमाज

हालात यह है कि दिलीप बच्चों से भी नमाज पढ़वाते हैं। घर में हिंदू धर्म से संबंधित कुछ भी नहीं करने देते। जान से मारने की धमकी देते हैं। परिवार में किसी से बोलने नहीं देते। पूजा-पाठ भी नहीं करने देते। बेटे को भी मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव डालते हैं। धमकी देते हैं कि तुम दोनों को काट दूंगा, जान से खत्म कर दूंगा। चार दिन पहले बुधवार को इसी बात को लेकर मारपीट की। पुलिस से शिकायत करने की बात की, तो जान से मारने की धमकी दी।

### करंट से झूलसे पैर, हालात गंभीर, भोपाल रेफर

# आउटसोर्स बिजली कर्मचारी को तार जोड़ते समय लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली का काम करते समय बहुत ही सावधानी बरतते हैं। इसके बावजूद भी हादसे हो ही जाते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर में स्थित न्यायालय के पास जीरापुर नाका चौराहा पर लगी हुई। डीपी के तार के जंपर को सुधारने रविवार सुबह-सुबह लगभग 8 बजे खंबे पर चढ़े बिजली कर्मचारी मुकेश पिता भगवान सिंह मालाकार निवासी नाहरदा कालोनी वार्ड क्रमांक 4 को करंट लग गया, और करंट से पैर झुलस गये , हालत गंभीर है। कर्मचारी को प्रारंभिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां इलाज के बाद ज्यादा सीरियस हालत होने के कारण भोपाल रेफर किया।



गौर तलब है कि बिजली विभाग में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को शासन द्वारा कोई सुविधा नहीं दी गई है, यदि आउटसोर्स कर्मचारी ड्यूटी के दौरान काम करते समय दुर्घटना का शिकार हो तो उसे शासन द्वारा कोई लाभ नहीं मिलता, और कर्मचारी का परिवार बहुत ही दुखद अवस्था में जीने को मजबूर हो जाता है।

आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपने दुखड़े मीडिया के माध्यम से शासन तक पहुंचाने की बात कही, वहीं उन्होंने मांग रखी कि शासन द्वारा हमें ज्यादा कुछ ओर नहीं ,तो हमारा दुर्घटना बीमा तो शासन को सुनिश्चित करवाना चाहिये , जिससे कार्य करते समय दुर्घटना का शिकार हुए कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा तो मिल सकें जिससे हादसे के शिकार हुए कर्मचारी के परिवार को राहत मिल सके।

**जांच करवा रहे**

खंबे पर चढ़े आउटसोर्स कर्मचारी ने चढ़ते समय विद्युत उपकरण पहने थे या नहीं जांच करवा रहे हैं। लेकिन इसकी सारी जिम्मेदारी लाइनमैन की होती है।

**डीएस मेहरा, कार्यपालन अधिकारी मध्य प्रदेश विद्युत मंडल राजगढ़।**

## रामदेव मंदिर की दानपेटी खोली, निकले 152281 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कालीपीठ रोड पर ढंढ जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर में तीन महीनों पहले ही प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य समारोह हुआ था। इसी मंदिर समिति के पदाधिकारियों की सहमति उपरान्त रविवार को दानपेटी का ताला खोला गया। तंवर समाज के जिलाध्यक्ष दरियाव सिंह तंवर ने बताया कि दानपेटी से 1 लाख 52 हजार 281 रुपए प्राप्त हुए हैं। इस राशि को मंदिर निर्माण के अन्य कार्यों में खर्च किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित समाज के अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे।



### राजगढ़ कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा

# वृद्धा को परेशान करते थे बेटा, बहु और पोता, तीनों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महिला, बच्चों एवं बुजुर्गों पर होने वाले अत्याचार, शोषण के मामलों को राजगढ़ पुलिस गंभीरता से लेकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कोतवाली थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे गांव कलीखेड़ा में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला का परिजनों द्वारा बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा था। इतना ही नहीं वृद्धा के साथ बेटा, बहु और पोता दुर्व्यवहार करने लगे। पीड़िता द्वारा थाने आने पर इस बात की शिकायत की गई। शिकायत को गंभीरता से लेकर टीआई वीर सिंह ठाकुमर ने मामले की जांच करवाई। शिकायत सही पाए जाने पर वृद्धा महिला के बेटे भारत सिंह सौंधिया, बहु कैलाशबाई पत्नी भारत सिंह एवं पोते बबलू पिता भारत सिंह पर 24 वरिष्ठ नागरिक देखभाल अधिनियम सहित धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### दो पर हत्या का मुकदमा दर्ज

कालीपीठ थानाक्षेत्र के नौगांव में गत दिवस देवचंद तंवर की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। परिजन घायल देवचंद को राजगढ़ अस्पताल लेकर आए लेकिन डॉक्टर एवं पुलिस एमएलसी में दुर्घटना लिखा गया था जिसको लेकर काफी हंगामा भी हुआ। बाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्य सामने आने पर पुलिस ने गांव के ही दो लोगों शिवसिंह तंवर एवं बनेसिंह तंवर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## नगर के थोक सब्जी मंडी व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत



सारंगपुर। नगर के थोक सब्जी मंडी व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के सब्जी मंडी व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ व्यापारी माखनलाल पुष्पद शनिवार को ग्राम जावदी जिला आगर से एक मृत्यु भोज के कार्यक्रम से अपनी बाइक से वापस सारंगपुर आ रहे थे तभी आगर रोड पर खेडीखाल तहसील मोहन बडोदिया के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक बाइक सहित खाई मे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगो की मदद से ऑटोरिक्शा से सिविल अस्पताल लाया गया। जहाँ डाक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए इंदोर रेफर कर दिया, जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान माखनलाल पुष्पद उम्र 55 वर्ष निवासी एम पी ई बी के पीछे वार्ड नंबर 5 सारंगपुर की मौत हो गई। शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा दिया। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से निकलकर कपिलेश्वर मुक्तिधाम पहुंची जहां उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी तथा एक शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में सब यात्रा में लोग शामिल हुए।

### अंडा व्यवसायियों ने दो दिन से बंद कर रखी हैं अपनी दुकानें

# अंडों पर नहीं पाबंदी, पर गंदगी की तो कटेगा चालानः नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन ने किसी भी व्यवसाय पर कोई पाबंदी नहीं लगाई है। मटन, चिकिन आदि मांस की दुकानों के लिए निर्देश हैं कि सभी व्यवसायी बाकायदा लायसेंस लेकर निकाय द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही दुकानों का संचालन करें। अंडा व्यवसायियों के लिए पाबंदी नहीं है लेकिन उन्हें स्वच्छता का पूरा ख्याल रखना होगा अन्यथा निकाय 500 रुपए का चालान काटने की कार्रवाई करेगा।

उक्त बात राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने कही है। उन्होंने यह भी कहा कि जो अंडा व्यवसायी आमलेट, अंडों को तलने इत्यादि कार्य करते हैं, वे अपने ठेलों/दुकानों को ग्रीन मेटी या अन्य तरीकों से ढकवाना सुनिष्चित करें।



उन्होंने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी सतत रूप से भ्रमण करेंगे। जो निर्देश दिए गए हैं अगर उनकी अवहलेना नजर आई तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### दो दिनों से बंद हैं सभी अंडा दुकानें

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ नगर के सभी अंडा व्यवसायियों ने दो दिन से हड़ताल की हुई है। किसी भी दुकान पर अंडे नहीं मिल पा रहे हैं। इसी संदर्भ में नगर पालिका अध्यक्ष ने स्थिति साफ की है। सभी अंडा दुकानदारों को सफाई का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दर्ज बच्चों में से 403 रहे अनुपस्थित

# अधिकारी बनने 1439 विद्यार्थियों ने दिया एग्जाम, जिले में बने थे 6 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच रविवार को जिले में मप्र संयुक्त राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2023 की प्रारंभिक परीक्षाएं आयोजित की गईं। दोनों परीक्षाओं के लिए राजगढ़ एवं ब्यावरा में कुल छह सेंटर बनाए गए थे जहां 1439 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। दो पालियों में आयोजित परीक्षा के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी अच्छी तैयारियां की गई थीं। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा नोडल अधिकारी गीताजंली शर्मा ने बताया कि परीक्षा के लिए राजगढ़ में 4 एवं ब्यावरा में 2 सेंटर बनाए गए थे। कुल दर्ज 1842 में से 403 छात्र-छात्राए परीक्षा में अनुपस्थित रहे। कुल 1439 विद्यार्थियों में परीक्षा दी। परीक्षा के लिए ब्यावरा में उत्कृष्ट स्कूल, कन्या शाला एवं राजगढ़ में पॉलीटेक्निक कॉलेज, शासकीय कन्या हायर सेकन्ड्री स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय को सेंटर बनाया गया था। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पूर्व सभी विद्यार्थियों को चेक किया गया। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने भी कन्या शाला सहित अन्य केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



# कुरावर की साक्षी राठौर ने किया राजगढ़ जिले का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

होली एंजेल्स किड्स एकेडमी स्कूल की छात्रा साक्षी राठौर पिता दिनेश राठौर ने 67वीं मध्यप्रदेश स्टेट्स स्कूल गेम्स में 400 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अलबीना टोपो, संकुल खेल अधिकारी पी.एस तोमर,स्कूल प्राचार्य जेस्टिन के जोसफ, स्कूल पी.टी.आई रोनी सन्नी ने यशस्वी साक्षी पिता दिनेश राठौर को अपनी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी और इसी तरह खेल जगत में अपना नाम निरंतर आगे रखने के लिए अग्रसर किया ।स्पोर्ट्स में समर्थ होने के लिए मनोबल और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। हर समय, खिलाड़ी के मनोभाव और भावना उसके खेल का परिणाम निर्धारित करते हैं। साक्षी पिता दिनेश राठौर सफलता की ऊंचाइयों को छू सकें इसके लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए उनके स्कूल और उनके परिवार का विशेष योगदान है।



### छोटा पुल निर्माण कार्य शुरू होने से व्यापारियों में जगी आस

# उतावली नदी पर पुल निर्माण कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा

उतावली नदी पर पुल निर्माण कार्य शुरु हो चुका हे। रविवार को दोपहर 2 बजे छोटे पुल का निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नगर परिषद उपयंत्री ऋषभ शर्मा बोड़ा पहुंचे। जहा स्थानीय लोगों का व्यापार व्यवसाय प्रभावित न हो निर्माण एजेंसी ऐसे दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नगर के एक जनप्रतिनिधि मंडल ने उपयंत्री को एक पत्र के माध्यम से छोटे पुल के पास से अयोध्या बस्ती में जाने के लिए छोटा आम रास्ता की मांग की है। पुल के पास स्थित दुकानों का भी कोई नुकसान न ऐसा कार्य करने की भी मांग की। मांग नगर परिषद बोड़ा के वार्ड क्रमांक 02 पार्षद कमलेश बाई तेज सिंह यादव, वार्ड क्रमांक 06 सपना आशीष पालीवाल, ने रखी। इस मौके पर मौजुद पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी सोनी, आशीष पालीवाल, अरविंद बागड़ी, भरत राठौर,पवन राठौर, महेश गुप्ता, राहुल पाटीदार, आदि लोग मौजूद थे।



**इनका कहना है...**

कार्य क्षेत्र का निरीक्षण कर, प्रक्रिया में जनहित का ध्यान रखते हुए निर्माण एजेंसी को उचित एवं उपयोगी निर्देश दिए। जिससे नगर की अर्थव्यवस्था भी सुचारू रूप से चलती रहे।

**ऋषभ शर्मा, उपयंत्री नगर परिषद बोड़ा**

### श्रीराम जन्मभूमि से आए पूजित अक्षत कलश

# 22 जनवरी को होगा भगवान का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अयोध्या के श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देशभर में उत्सव का माहौल है। किसी भी अयोध्या से नगर में आए अक्षत कलश का स्टेडियम ग्राउंड में पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर में विधिवत पूजा अर्चना किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी को इस फल के साक्षी बनने के लिए सौभाग्यशाली बताया। नगर में निकली भव्य कलश यात्रा जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। बजरंग दल के युवा एवं विश्व विश्व हिंदू परिषद एवं ग्रामीण मंडल से आए ग्रामीण सर पर कलश लेकर निकले एवं महिलाएं बच्चे जय श्री राम के नारे लगाते हुए नजर आए।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने चलाया हस्ताक्षर अभियाने

# छात्रों से पवित्र उद्धेश्य को लेकर हुए अपराध के खात्मे की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 11 दिसंबर को दिल्ली से ग्वालियर टेन में सफर कर रहे बुजुर्ग की तबीयत अचानक बहुत ज्यादा बिगड़ गई थी। इन बुजुर्ग के साथ अभाविप से जुड़े कुछ छात्र भी सफर कर रहे थे। स्टेशन आने पर इन छात्रों ने एम्बुलेंस बुलवाई लेकिन उसके समय पर नहीं आने पर इन छात्रों ने स्टेशन के बाहर खड़ी एक जज की गाड़ी से तड़प रहे बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचवा दिया।

इधर, संबंधित जज की कार बगैर पूछे ले जाने उक्त छात्रों के खिलाफ थाने में डकैती का मुकदजा दर्ज करवा दिया गया। किसी की जान बचाने के लिए किए गए अपराध मामले में छात्रों पर दर्ज मुकदमे की सर्वत्र निंदा की जा रही है।




इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्याथी परिषद ने दोनों छात्रों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया है। सभी छात्र स्थानीय नाका नंबर 3 स्थित बिरसा मुंडा चौराहे पर एकत्रित हुए और हाथों में पोस्टर, बैनर लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

### पूर्व मुख्यमंत्री भी लिख चुके हैं पत्र

इसी मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर पवित्र उद्धेष्य को लेकर हुए इस अपराध के खात्मे की मांग कर चुके हैं। राजगढ़ में चले हस्ताक्षर अभियान के अवसर पर कुलदीप सिंघी, आनंद शर्मा, उदयप्रताप सिंह, कपिल साहू, अदनान खान, हर्ष राजपूत, पवन शर्मा, यषपाल राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे। अभाविप की प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य शुभन मीना सहित सभी सदस्यों ने प्रकरण के खात्मे की मांग की।

**खबर संक्षेप**

### बोर्ड की परीक्षा फरवरी और प्रायोगिक मार्च में

**आष्टा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं इस बार एक महीने पहले अर्थात फरवरी में हो रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को इस साल तैयारी करने के लिए समय कम मिला है। इस साल विधानसभा चुनाव के चलते शिक्षकों की ड्यूटी चुनावी कार्य में लगने से कई स्कूलों में कोर्स समय पर पूरा नहीं हुआ है। इसके चलते अब स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर विद्यार्थियों की पढ़ाई कराई जा रही है। ताकि समय पर कोर्स पूरा कर विद्यार्थियों से रिविजन कराया जा सके। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी व निर्देश जारी कर दिए है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 से 28 फरवरी तक कराई जाएगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी से 5 मार्च तक होगी। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। विकास खंड शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर साल की तरह परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दोनों कक्षाओं के विषय का टाइम टेबल जारी कर दिया है। इसे सभी स्कूलों में चस्पा किया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत के अनुसार वहीं विद्यार्थी बोर्ड की वेबसाइट www.mpbsc.nic.in पर देख सकते है।विधानसभा चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने से स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हुआ है। इसे समय पर पूरा करने के लिए शिक्षक अब अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पढ़ाई करा रहे है।

2018 के बाद सिविल अस्पताल में आपरेशन थियेटर फिर होगा शुरू

# डॉक्टर दलोद्रिया के बाद अब डॉक्टर भूपेंद्र परमार ओटी कराएंगे शुरू, मिलेगी राहत

### आपरेशन थियेटर में सर्जरी चिकित्सक डॉ भूपेंद्र परमार व्यवस्था का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल आष्टा में डायलिसिस यूनिट, 10 बेड का आईसीयू, 14 बेड का पीआईसीयू , सोनोग्राफी मशीन के साथ-साथ जनरल सर्जरी के लिए ऑपरेशन थिएटर क्रियाशील है। शासन ने इस सिविल अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञों के 13 स्वीकृत पदों में से मात्र पांच पर नियुक्ति की है। इसी प्रकार नर्सिंग ऑफिसर के 36 स्वीकृत पदों में से 24 पद भरे हुए हैं ,12 पद रिक्त पड़े हैं ।सुरक्षा गाड्र्स के भी कमी है ।फार्मासिस्ट के चार स्वीकृत पद में से मात्र एक की नियुक्ति है। इसी प्रकार एक्स-रे टेक्निशियन का भी एक पद रिक्त हैं। जो युवा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम इस सिविल अस्पताल में पदस्थ हुई है वह अपनी सेवाएं शासन की मंशा के अनुरूप से बढ़कर देना चाहते हैं ।

लेकिन स्टाफ की कमी एवं जिम्मेदारों द्वारा सहयोग नहीं करने से अपने आपको यह विशेषज्ञ चिकित्सकगण असहाय महसूस कर रहे हैं। सीमित व्यवस्थाओं के चलते सर्जिकल चिकित्सा डॉ भूपेंद्र परमार सिविल अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर प्रारंभ करने के साथ-साथ गंभीर चिकित्सा यूनिट को भी व्यवस्थित रूप से चालू करना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित करना प्रारंभ कर दिया है और उनके इस कार्य में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉ गंभीर पटेल भी सहयोग कर रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन एवं सिविल अस्पताल के प्रमोद कुमार भी सहयोग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल की भव्य बिल्डिंग कई सालों पहले बन चुकी है तथा यहां पर अधिकांश उपकरण ऑपरेशन आदि के उपयोग में आने वाले उपलब्ध हैं जिन चीजों की कमी है उसकी सूची जिला मुख्यालय पर विधिवत भिजवा दी गई है।

जिला मुख्यालय से सामग्री उपलब्ध कराते ही संभवत सोमवार से इस सिविल अस्पताल में ऑपरेशन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा सिविल अस्पताल के अंदर शासन ने 10 प्लांगो का सर्व सुविधा युक्त आईसीयू वार्ड बनवा रखा है ,जिसका उपयोग अब डॉक्टर भूपेंद्र परमार अपनी टीम के साथ जनता को उपलब्ध कराएंगे। विदित रहे की वर्ष 2018 तक डॉक्टर हीरा दलोद्रिया ने इस सिविल अस्पताल में वह सुविधा उपलब्ध कराई थी, जो जिला मुख्यालय पर नहीं थी ।डॉक्टर दलोद्रिया से मार्गदर्शन लेकर अब युवा डॉक्टर भूपेंद्र परमार वही सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्नशील है। आवश्यकता है स्वास्थ्य विभाग एवं जनप्रतिनिधि गण उक्त कार्य में सहयोग कर कर मरीज को बाहर रेफर होने से रुकवा सके एवं अच्छी सुविधा इस सिविल अस्पताल में दिलवा सके। अस्पताल सूत्रों के अनुसार चिकित्सा विशेषज्ञों के 13 स्वीकृत पदों में से पांच भरे गए हैं शेष आठ खाली हैं। इसी प्रकार नर्सिंग ऑफिसर के 36 स्वीकृत पदो में से 24 पद भरे हैं,12 खाली है। फार्मासिस्ट के 4 स्वीकृत पद में से 1 पद भरा है, शेष 3 पद रिक्त हैं।

सिविल अस्पताल में एक्स रे टेक्नीशियन के 3 में से 2 भरे हुए हैं और 1 पद रिक्त हैं। नगर एवं क्षेत्र के नागरिकों को नवनिर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से अपेक्षा है कि वह सिविल अस्पताल में युवा विशेषज्ञ चिकित्सकों की भावनाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराकर मरीजों को शोषित होने से रोके तथा यहीं पर अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं।

# सालों से कई अपराधों में फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**आरोपियों को न्यायालय में किया पेश**




**श्यामपुर।** पुलिस की गिरफ्त में फरार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर/आष्टा

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा वर्षों से विभिन्न धाराओं के अपराधों में फरार 03 स्थाई व 02 गिरफ्तारी वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया। 17-18 दिसंबर की रात्रि में टीम बनाकर गस्त की गई।

पुलिस गस्त के दौरान थाना श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम मुख्तार नगर के आरटी नंबर 1071,21 धारा 457 380 भादवि मैं फरार स्थाई वारंटी गब्बर शाह पिता हबीब शाह आयु 32 वर्ष निवासी मुख्तार नगर व आरटी नंबर 1071,21 धारा 457,380 भादवि में फरार स्थाई वारंटी पवन पिता घनश्याम आयु 22 साल निवासी मुख्तार नगर ग्राम बैरागढ़ खुमान के आर टी नंबर 584 19 धारा 25 आर्म्स एक्ट मैं फरार स्थाई वारंटी अर्जुन पिता राधेश्याम मीणा आयु 30 वर्ष निवासी बैरागढ़ खुमान को गिरफ्तार किया गया। ग्राम बैरागढ़ खुमान के आरटी नंबर 628 19 धारा 25 आर्म्स एक्ट फरार गिरफ्तारी वारंटी माखन पिता नन्नू लाल मेवाड़ा आयु 40 वर्ष निवासी बैरागढ़ खुमान व ग्राम कादमपुर के आरटी नंबर 1429 22धारा25 आर्म्स एक्ट फरार गिरफ्तारी वारंटी अंसार पिता शरीफ आयु 35 साल निवासी कदमपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा की गई संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक रामनारायण मालवीय, सहायक उप निरीक्षक बीरमलाल वर्मा, आरक्षक पवन राजपूत, आरक्षक अमित नागर, आरक्षक महेश मीणा, आरक्षक भगवान सिंह व सैनिक राहुल वर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

### आष्टा पुलिस को भी मिली सफलता

**आष्टा।** थाना प्रभारी पार्वती कृष्ण गोपाल शुक्ला को न्यायालय से प्राप्त स्थाई वारन्टी तामीली हेतु आदेशित किया गया था। इसी क्रम में थाना पार्वती से पुलिस टीम का गठन किया गया। 17 दिसंबर की रात्री में सूचना मिली की थाना पार्वती का स्थाई वारंटी दयालु पिता अफिनिया जाति पारदी उम्र 28 साल निवासी चामसी थाना जावर जिला सीहोर अरंडिया जिला शाजापुर में झगडा कर अपने घर ग्राम चामसी जा रहा है। सूचना की तस्दीक व वारंटी को पकड़ने वारंटी के घर चामसी पहुचे जो अपने चाचा नसरत, नसियत के साथ घर पर मिला। जिसको गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पार्वती उनि कृष्ण गोपाल शुक्ला, उनि हरिनारायण वर्मा प्रआर अशोक, प्रआर आर. राजकुमार, आर. रामबाबु, आर. राहुल, आर. ज्ञानसिंह आर. अर्जुन, आर. 592 हेमराज वर्मा सै. जगदीश सै. मनोहर सिंह थाना पार्वती पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध अब शोर पर प्रशासन ने की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शपथ लेने के तत्काल बाद प्रदेश भर में धार्मिक स्थलों से लेकर सभी जगह ध्वनि नियंत्रण एक्ट पर शक्ति से पालन करने के निर्देश दिए थे। इसका पालन करने के लिए रविवार को पुलिस - प्रशासन के अफसरों ने जनपद पंचायत के सभा कक्ष में शांति समिति की बैठक ली। इसमें नए नियमों की जानकारी दी और पालन करने के निर्देश भी दिए गए। क्योंकि अभी सारे ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर बिना अनुमति के हैं। इसलिए सीधे इन्हें हटाने के निर्देश दिए गए हैं, किसी को उपयोग करना है तो एसडीएम से अनुमति लेना होगी। एसडीएम आनंद सिंह राजावत ,एसडीओपी आकाश अमलकर ,नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौड़, ने जहां बैठक में मौजूद लोगों को बताया कि धार्मिक स्थानों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर नहीं बजाए।चार दीवारी से बाहर आवाज नहीं आना चाहिए।खासकर धार्मिक स्थलों पर 55-60 डेसिमल तक की आवाज रखी जा सकेगी, इससे अधिक आवाज नहीं रखी जा सकती। एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने बैठक में बताया कि शादी- विवाह आदि में डीजे व अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग चार दीवारी में हो तथा आवाज बाहर नहीं आना चाहिए।रात 10 बजे बाद उपयोग नहीं होगा। डीजे व साउंड वालों की बैठक अलग से करेंगे और उनसे बांड्स भराएंगे। मैरिज गार्डन ,धर्मशाला आदि के बाहर शासन के नियमों का पालन करते हुए बोर्ड लगवाया जाएगा तथा नियम का पालन न करने पर संबंधित व्यक्ति और गार्डन वाले के खिलाफ भी कारवाई की जाएगी।एसडीओपी आकाश अमलकर ने कहा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना अनुमति करने पर कार्यवाही करेंगे। निर्धारित गति में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हो, मैरिज गार्डन एवं धर्मशाला में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित आवाज में और रात्रि 10 बजे बाद उपयोग नहीं हो सकेगा। पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय ने बैठक में लिए गए निर्णय पर अक्षरशः पालन करने की बात कही। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा भारत में अनेक जातियों के लोग एकसाथ रहते हैं। सभी की पूजा-अर्चना करने की विधि अलग-अलग हैं।शोर न हो,शासन ने जनमानस के स्वास्थ्य को लेकर यह निर्णय किया है। डीजे घातक है। बैठक में शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण , पत्रकार आदि उपस्थित थे।

### नव निर्वाचित विधायक इंजीनियर से मुलाकात कर की चर्चा



**आष्टा।** हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में आष्टा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को छत्रपति शिवाजी महाराज का छाया चित्र भेंट कर ृजियी होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता तोषनारायण भूतिया, समाजसेवी जितेंद्र परमार, पत्रकार केवल राम मालवीय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# धार्मिक स्थलों पर लगे साउंड सिस्टम हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश के बाद पुलिस और प्रशासन एक्शन मूड में आ गए। नगर सहित क्षेत्र भर के धार्मिक स्थलों में लगे माइक व साउंड सिस्टम निकलवा रहे हैं। रविवार को शांति समिति की बैठक के दौरान एवं उसके पश्चात मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम आनंद सिंह राजावत एसडीओपी आकाश अमलकर एवं नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर से इंदौर- भोपाल में एक-एक चिलम लगाने की अनुमति वहां के प्रशासन द्वारा देने की बात कही। उसी प्रकार यहां पर भी सुविधा दी जाए ।जिस पर प्रशासन ने कहा कि जो आदेश शासन के जारी हुए हैं वह पूरे प्रदेश के सभी क्षेत्र के लिए एकसमान हुए हैं ।इसलिए कोई भी अनुमति चिलम लगाने एवं ध्वनी विस्तारक यंत्रों का उपयोग बाहर तक आवाज जाने के लिए नहीं दी जाएगी। कुछ धार्मिक स्थल पर मिले समिति के सदस्यों को समझाइश देकर सिस्टम हटवा दिए। धार्मिक स्थलों पर लगाए गए सिस्टम को लेकर कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर हर थाना स्तर पर कार्रवाई हुई। अपने - अपने क्षेत्र में लगाए गए ऐसे माइक आदि तलाशते हुए पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश का हवाला देते हुए की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराया। इस पर धार्मिक स्थल पर मौजूद स्थानीय समिति सदस्यों ने खुद ही स्वेच्छा से माइक और साउंड सिस्टम निकाल लिए।

# खरमास के शुरू होते ही शहनाइयां बजना बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर सहित क्षेत्र में शनिवार 16 दिसंबर से खरमास के प्रारंभ होते ही शहनाईयां बजना बंद हो गई है।सनातन धर्म में भगवान सूर्य देव द्वारा किए गए राशि परिवर्तन को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। बता दें कि जब सूर्य मीन या धनु राशि में गोचर करते हैं तो इस राशि परिवर्तन के कारण खरमास शुरू हो जाता है। हिन्दू धर्म में खरमास को विशेष समय के रूप में देखा जाता है। एक माह के लिए गृह प्रवेश, मुंडन ,सगाई और विवाह जैसे शुभ कार्य वर्जित हो गए हैं। सिर्फ धार्मिक कथाएं व अनुष्ठान ही होंगे।

शनिवार को सूर्यदेव के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्यों पर एक माह के लिए विराम लग गया है। साथ ही मुंडन, सगाई और गृह प्रवेश जैसे कार्य नहीं किए जा सकेंगे। इस अवधि को मलमास भी कहा जाता है। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ दीपेश पाठक के अनुसार धनु राशि में प्रवेश करने के कारण सूर्य मलिन अर्थात कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में वर को सूर्य का बल नहीं मिलता। दरअसल जब वर को सूर्य और वधु को गुरु का बल तथा दोनों को चंद्रमा का बल मिलता है तभी शादी-विवाह के योग बनते हैं।

चूंकि विवाह के लिए सूर्य महत्वपूर्ण कारक ग्रह है । इसलिए मलमास में विवाह पर रोक रहेगी। मलमास अगले वर्ष 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण होने के साथ समाप्त होगा। पंडित मनीष पाठक ने बताया कि पंचांग के अनुसार सूर्य देव 16 दिसंबर रात (यानी अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 17 दिसंबर) 1:24 बजे धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास का महीना शुरू हो गया है।

# एविएशन विषय पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




एविएशन के क्षेत्र में बहुत से मौके और अवसर हैं। विधार्थी इस क्षेत्र में अपना कैरियर चुन सकते हैं। शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा में एविएशन के क्षेत्र में छात्र छात्राओं को कैरियर चयन और मार्गदर्शन देने सेमिनार का आयोजन स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। आईआईएचएम एविएशन अकादमी भोपाल की स्पीकर ने विधार्थियो को एविएशन में रोजगार की संभावनाओं, व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल और ग्राउंड जॉब, तकनीकी जॉब व अन्य अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने इस क्षेत्र में चयन में आने वाली मुश्किलों पर भी बात की। उन्होंने सभी एयरलाइंस के बारे में विस्तार से बताया। इस क्षेत्र में कम उम्र से ही आय की शुरुआत के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न किए और अपनी शंकाएं रखीं। सेमिनार में शुभम राजपूत व अदनान हासमी ने अपने इंस्टिट्यूट में संचालित विभिन्न कोर्स के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि छात्राएं बी.ए. इन ट्रैवल एंड टूरिज्म, बी.कॉम. इन लॉजिस्टिक एंड कार्गो, बी.बी.ए. एविएशन के साथ-साथ एयरपोर्ट ग्राउंड मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन ट्रैवल टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के साथ-साथ एडवांस डिप्लोमा इन एयरलाइंस, केबिन क्रू की पढ़ाई व प्रशिक्षण भी ले सकती हैं। यहां ऐड ऑन कोर्सेज इन एविएशन भी चलाया जाता है। शासकीय कॉलेज की प्राचार्य डॉ पुष्पलता मिश्रा ने सेमिनार में कहा कि विधार्थियो को एवियेशन इंडस्ट्री की जानकारी देने से उनका कमर्शियल इंडस्ट्री वैल्यू भी बढ़ता है जो कि आने वाले समय में छात्राओं को कैरियर बनाने में सहायता देगा। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के टीपीओ डा दीपेश पाठक ने कहा की भारत के विमानन क्षेत्र में रोजगार और विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। युउन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है। कार्यक्रम में डा रचना श्रीवास्तव, विनोद पाटीदार, वैभव सुराणा, जगदीश नागले, जितेंद्र विश्वकर्मा, कुलदीप जाटव सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक व विधार्थी उपस्थित थे।संचालन डा दीपेश पाठक ने व आभार प्रकोष्ठ सदस्य वैभव सुराणा ने व्यक्त किया।

**नया दशहरा मैदान पर आयोजित हो रही सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा**

# राम कथा में भगवान शंकर और माता सती का सुनाया प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किसी ने पूछा की मंदिर जाने में और सत्संग में क्या फर्क है। जवाब मिला की मंदिर जाने से ,इच्छाओं, की पूर्ति होती है ।पर सत्संग में जाने से इच्छाओं का नाश, होता है। इसलिए नित्य सत्संग अवश्य करें। तात स्वर्ग अपवर्ग सुख धरही तुला एक अंग। तुल ना ताही ही शकल मिली जो सुख लव सत्संग। क्षण भर का सत्संग स्वर्ग और बैकुंठ के सुख से भी ज्यादा श्रेष्ठ है। उक्त प्रेरणादाई प्रवचन श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नया दशहरा मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के तृतीय दिवस भागवत भास्कर संत श्री मिट्ठू पुरा सरकार द्वारा सुना गए।

कथा के मुख्य यजमान हेमंत राठौड़ और कथा समिति के अध्यक्ष संजीव पांचम द्वारा मालवी पगड़ी पहनाकर संत श्री का स्वागत किया। आज पूज्य गुरुदेव द्वारा श्री राम कथा में भगवान शंकर और सती जी का प्रसंग बड़े ही मार्मिक शब्दों में श्रवण करवाया। जिसे सुनकर सारे श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा में सुनाया की ब्रह्मा के पुत्र दक्ष प्रजापति की सबसे छोटी बेटी जिनका नाम सती था। उनका विवाह भगवान शंकर के साथ हुआ ।एक दिन भगवान शंकर सती जी को लेकर कुंबज ऋषि के आश्रम में श्री राम कथा श्रवण हेतु गए। भगवान शंकर ने तो श्री राम कथा बड़े प्रेम से श्रवण की। पर सती जी ने मन में अभिमान के कारण भगवान की कथा नहीं सुनी। और उनके मन में भगवान श्री राम के प्रति ही संदेह हो गया ।शास्त्र में लिखा है। कि श्रद्धावान लभते ज्ञानम, सनसंय आत्मा विनाश्यति, सनंसय आदमी का विनाश कर देता है। और इसी संदेह के कारण शंकरभगवान के मना करने पर भी सती जी ने श्री राम जी की परीक्षा ली ।और अपने पति से झूठ बोला ।और भगवान की बात नहीं मानी।और भगवान के मना करने पर भी अपने पिता के यहां यज्ञ में गई ।और वहां जाकर अपमानित होना पड़ा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं ।कि संसार में दुख तो बहुत है। पर सबसे बड़ा दुख है ।अपने समाज में व्यक्ति का अपमान होना। यद्यपि जग दारुण दुख नाना।

सबसे अधिक जाति अपमाना। सती जी भगवान शंकर का अपमान सहन ना कर सकी ,और अपने पिता के द्वारा आयोजित यज्ञ में अपने शरीर को भस्म कर लिया। फिर इन्हीं सती जी का अगला जन्म में हिमाचल और मैंना के घर पार्वती जी के रूप में जन्म हुआ। और फिर भगवान शंकर से इनका विवाह हुआ। इसके साथ ही पूज्य गुरुदेव द्वारा गाए हुए मधुर भजनों पर सभी श्रोताओं ने नृत्य किया। कल श्री राम जन्मोत्सव की कथा होगी। इस अवसर पर कमल ताम्रकार ,लखन पाटीदार ,गोपाल दास राठी ,कैलाश पांचम सोनी ,हेमंत गिरी महंत शंकर मंदिर ,चंद्र सिंह राजपूत, जीवन सिंह पटेल ,भगवत मेवाड़ा ,राजू राठौड़, सवाई सिंह जी ठाकुर ,मनीष जी राजपूत ,जोगेंद्र सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह ठाकुर ( रुपाहेडा ) राजा जी ठाकुर नीरज ठाकुर, मोहन वर्मा, विजेंद्र सिंह ,राजेंद्र सिंह सोलंकी , रतन सिंह डॉक्टर, नरेंद्र सिंह भाटी ,संजीव पांचाल, जहुर मंसूरी , अमन बैरागी,दशरथ मेवाड़ा , विक्रम सिंह पटेल ,हेमंत राठौड़ ,सोनू गुणवान, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थित रहीं।

# भारत विकसित रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम पंचायत बापचा बरामद में भारत विकसित रथ यात्रा का आयोजन किया गया। पटेल दिलीप सिंह, एसडीएम आनंद राजावत जनपद पंचायत सीईओ अमित व्यास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, सोनू गुणवान, महेंद्र सिंहधाम सरकार, मानसिंह ईलाही, सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह दरबार, जसमत सरपंच दिलीप सिंह मालवीय, पंचायत सचिव रामचरण गोयल, विक्रम सिंह गेड,नीरज ठाकुर, सज्जन सिंह पवार, स्वच्छाग्रही संतोष कुमार मालवीय का स्वागत किया गया। शासकीय मिडिल स्कूल प्रभारी विक्रम सिंह, सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह दरबार द्वारा बच्चों को कोफी, पेन, रस्सी कूद पुरस्कार के रूप ज्ञान सिंह मालवीय को आयुष्मान कार्ड दिया गया। दिनेश कलेशरिया, पंचायत इंस्पेक्टर शर्मा जी स्वास्थ्य विभाग खाचरोद सेक्टर प्रभारी पहलाद सिंह मालवीय, आशा सहयोगिनी, रेखा बैरागी आशा बबीता, नगीना मालवीय, एएनएम, माया मालवीय, राजेश मेवाड़ा, कृषि विभाग आनंद मालवीय, पिंकू मेडिकल तुलसीराम मैनेजर पगारिया हॉट आदि उपस्थित थे।